web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, मंगलवार 02 अप्रैल 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-181

## नेताओं से आठ अप्रैल तक जवाब तलब

### वीवीपैट पर्ची मामला

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने देश भर के सभी चुनाव क्षेत्रों में वोटर वेरीफाइबल पेपर ऑडिट ट्रेल्स (वीवीपैट) से निकली कम से कम 50 फीसदी पर्ची को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) से पड़े मतों से मिलान करने के संबंध में निर्वाचन आयोग की दलील पर 21 दलों के नेताओं से आठ अप्रैल तक जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू सहित 21 दलों के प्रमुख नेताओं की ओर से दायर याचिका की सोमवार को सुनवाई करते हुए आयोग के जवाब पर आठ अप्रैल तक



याचिकाकर्ताओं से जवाब दाखिल करने को कहा। आयोग का तर्क है कि वीवीपैट की कम से कम 50 प्रतिशत पर्ची का मिलान ईवीएम में पड़े मतों से कराने पर मतगणना में कम से कम छह दिनों की देरी होगी। गौरतलब है कि आयोग ने अपने जवाब में वीवीपैट की 50 प्रतिशत से अधिक पर्चियों का मिलान ईवीएम से कराने की 21 राजनीतिक दलों की मांग को अव्यावहारिक बताया है। इन नेताओं की याचिका पर निर्वाचन आयोग ने गत शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में जवाबी हलफनामा दाखिल किया था और दलों की उस मांग को अव्यावहारिक बताया था, जिसमें उन्होंने वीवीपैट की कम से कम 50 प्रतिशत पर्चियों का ईवीएम में पड़े मतों से मिलान करने के निर्देश का अनुरोध किया था।

आयोग ने न्यायालय के समक्ष कहा था कि प्रत्येक विधानसभा सीट से एक बूथ के वीवीपैट-ईवीएम के मिलान की व्यवस्था सही है और इसमें कोई कमी नहीं पायी गयी है। चुनाव आयोग का कहना है कि यदि 50 प्रतिशत पर्चियों के मिलान का उसे आदेश दिया गया तो नतीजे घोषित करने में छह से नौ दिन की देरी होगी। उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया था। याचिकाकर्ताओं में श्री नायडू के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, कांग्रेस के के. सी. वेणुगोपल, तृणमूल के डेरेक ओ ब्रायन, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, बहुजन समाज पार्टी के सतीश चंद्र मिश्रा, द्रमुक के एम के स्टालिन, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के टी. के. रंगराजन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एस सुधाकर रेड्डी, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार झा, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और राष्ट्रीय लोकदल के अजित सिंह शामिल हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक ही परिवार के 3 सदस्यों की मौत

गया (आरएनएस)। बिहार के गया जिले के इस्माइलपुर रेलवे स्टेशन के पास रविवार देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई।



पुलिस के अनुसार, पूर्व मध्य रेलवे के मुगलसराय-गया रेलखंड के इस्माइलपुर रेलवे स्टेशन पर मुगलसराय-गया सवारी गाड़ी से कई लोग उतरे थे। इसमें से तीन लोग रेल पटरी पार कर रहे थे,तभी ये लोग अप लाईन से आ रही सियालदाह एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

गया रेल थाना के प्रभारी कमल किशोर ने सोमवार को बताया, मृतकों की पहचान गुरुआ प्रखंड के नगवा पंचायत के जयनगर गांव निवासी रामजी यादव (62), उनकी पत्नी मुनाकवा देवी (58) और बहू सोनी देवी (30) के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### चक्रवात के कारण दो बच्चों की मौत, 18 घायल

जेंगज्हौ (आरएनएस)। चीन के मध्य हेनाम प्रांत में रविवार को आए चक्रवात के कारण दो बच्चों की मौत हो गई और अन्य 20 लोग घायल हो गए। घायलों में 18 बच्चे तथा दो व्यसक हैं। स्थानीय प्रशासन ने इसकी जानकारी दी। प्रांत प्रचार विभाग के मुताबिक चक्रवात रविवार की शाम तीन बजे शांगीक शहर के युचेंग प्रांत में आया। घायलों में एक बच्चा गंभीर रुप घायल है जबकि 17 बच्चे और दो व्यस्कों को मामूली चोटें आयी है जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### राहुल ने दिल्ली में गठबंधन से किया इनकार: केजरीवाल

विशाखापत्तनम (आरएनएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि गठबंधन पर कांग्रेस से अब कोई बातचीत नहीं हो रही है क्योंकि कांग्रस अध्यक्ष राहुल गांधी इसके लिए पहले ही इनकार कर चुके हैं। आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख ने दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले विशाखापत्तनम हवाई अड्डे पर यह बयान दिया। इससे पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आमंत्रण पर रविवार को उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ एक विशाल जनसभा संबोधित की थी। केजरीवाल ने कहा, कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं है। हमने राहुल गांधी के साथ एक बैठक की थी, जहां उन्होंने आप के साथ गठबंधन करने से इनकार कर दिया था।

### गाजा से इजरायल पर दागे गए 5 रॉकेट

जेरूसलम (आरएनएस) । गाजा पट्टी पर रविवार को संदिग्ध फिलिस्तीनी आतंकियों ने इजरायल पर कम से कम पांच रॉकेट दागे। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी एफे की रिपोर्ट के मुताबिक, सेना ने कहा कि ये रॉकेट गाजा पट्टी से दागे गए, जो कि 2007 से हमास इस्लामी संगठन के कब्जे में है। इश्कोल की क्षेत्रीय परिषदों में विमान-रोधी अलार्म लगातार सुनाई दिए गए, जिसने लोगों को आश्रय के लिए भागने को मजबूर कर दिया। मिस्र द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने के हमास के दावे वाली विभिन्न अरब मीडिया संगठनों की खबरों के बीच यह घटना सामने आई है। हाल ही में गाजा से मिसाइलें दागी गईं और इजरायली सेना ने हवाई हमलों को अंजाम दिया है। आईडीएफ ने तड़के साढ़े तीन बजे एक बयान में कहा कि कई हमास चौकियों को जवाबी कार्रवाई में निशाना बनाया गया। सेना ने कहा, शाम को गाजा से इजरायल की ओर दागे गए रॉकेटों के जवाब में आईडीएफ टैंकों ने गाजा पट्टी पर हमास की कई सैन्य चौकियों को निशाना बनाया।

### पलभर में दूर हुई जुड़वां बच्चों की खुशी

**पैटर्निटी टेस्ट करवाते ही उड़ गए पिता के होश**

शियामेन (आरएनएस)। चीन के शियामेन शहर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां की एक महिला ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया, जिससे पति-पत्नी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, लेकिन जल्द ही यह खुशी ज्यादा देर के लिए नहीं थी। दरअसल, जब बच्चों के बर्थ रजिस्ट्रेशन के लिए पैटर्निटी टेस्ट कराया गया, तो रिपोर्ट देखकर पिता के होश उड़ गए। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि दोनों बच्चों के पिता अलग-अलग हैं। मामला चीन के शियामेन सिटी का है। डीएनए टेस्ट में दोनों का डीएनए अलग-अलग आया, मतलब दोनों बच्चे अलग-अलग पिता के थे। काफी सवाल-जवाब के बाद आखिरकार महिला ने माना कि उसने अपने पति को धोखा दिया था। मामला तब सामने आया जब कपल को अपने जुड़वा बेटों के जन्म का रजिस्ट्रेशन लोकल पुलिस स्टेशन में कराना था। रजिस्ट्रेशन पूरा करने के लिए कपल को सबूत के तौर पर पैटर्निटी टेस्ट की रिपोर्ट्स देनी थी, जिससे ये साबित हो सके कि बच्चे उनके अपने ही हैं। लेकिन, टेस्ट रिपोर्ट देखकर दोनों हैरान रह गए। रिपोर्ट के अनुसार, जुड़वा बच्चों में से एक बच्चा उनका नहीं था।

## मुठभेड़ में लश्कर के 4 आतंकवादी ढेर

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के लस्सीपोरा गांव में सोमवार तड़के सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गये। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों के लस्सीपोरा में छीपे होने की खुफिया सूचना पर राष्ट्रीय राइफल्स,विशेष अभियान समूह ,जम्मू-कश्मीर पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।

इस दौरान बाहर जाने वाले सभी मार्गों को बंद करके सुरक्षा बलों ने घर-घर तलाशी शुरू की। सुरक्षा बल के जवान विशेष क्षेत्र की आरे बढ़ रहे थे तभी आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी



कार्रवाई की जिसके बाद मुठभेड़ शुरु हो गई।

सूत्रों ने बताया कि इस दौरान चार आतंकवादी मारे गए। फिलहाल उनकी पहचान नहीं हो पाई है। उनकी शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। मारे गये आतंकवादियों के पास से बड़ी संख्या में हथियार एवं विस्फोट बरामद किये गये हैं। पूरे इलाके को सील करके नजदीक के शिविरों से अतिरिक्त सुरक्षा बलों को रवाना किया गया है।

## उच्चतम न्यायालय ने असम के मुख्य सचिव को किया तलब

नईदिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को असम में विदेशी लोगों की हिरासत से जुड़े एक मामले में अधिकारियों के पर्याप्त सक्रियता नहीं दिखाने पर अप्रसन्नता प्रकट की और राज्य के मुख्य सचिव को उसके समक्ष आठ अप्रैल को पेश होने का निर्देश जारी किया। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने असम सरकार द्वारा दायर एक हलफनामे को 'फ़िज़ूल की कवायद' बताते हुए कहा कि वे यह जानना चाहते हैं कि जिन लोगों को न्यायाधिकरण ने विदेशी घोषित किया है उनमें से



कितने लोग स्थानीय आबादी के साथ घुलमिल गए है। इस पीठ में न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भी हैं। उन्होंने अधिकारियों की अदालत में हाजिर नहीं होने पर नाराज़ होते कहा, '' उन विदेशी लोगों की संख्या कितनी है जो स्थानीय आबादी के साथ घुलमिल गए है। इसलिए हम चाहते हैं कि आपके मुख्य सचिव अदालत में उपस्थित हों।'' उच्चतम न्यायालय ने यह आदेश असम में हिरासत केंद्रों की स्थिति और वहां मौजूद विदेशी लोगों की हालत को लेकर दायर याचिका पर दिया। यह याचिका सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष मंदेर ने दायर की है। इस मामले की अगली सुनवाई आठ अप्रैल को होगी।

## रुस एयरलाइंस एस-7 के सह मालकिन की प्लेन हादसे में मौत



मॉस्को (आरएनएस)। रुस की एयरलाइंस एस-7 की सह-मालकिन नातालिया फिलेवा की रविवार को मध्य जर्मनी में एक विमान हादसे में मौत हो गई। कंपनी के सूत्रों ने स्पूतनिक को इस बात की जानकारी दी।

जर्मनी के समाचार पत्र बिल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक छह सीटों वाला हल्का विमान एगेलबाच में रविवार को दोपहर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूत्रों ने कहा, नातियाला और उनके पिता की इस हादसे में मौत हो गई। दोनों इलाज के लिए जर्मनी जा रहे थे। हालांकि सूत्रों एस-7 के महानिदेशक वलादिस्लेव फिलेव के विमान में होने की खबर का खंडन किया है। स्पूतनिक के सूत्रों ने कहा कि विमान में चालक सहित तीन लोग सवार थे जो रुस के नागरिक थे। उन्होंने कहा, 31 मार्च 2019 को एस-7 की सहमालकिन नातियाला वेलेरयेवना फिलेवा का विमान जब एगेलबाच हवाई अड्डे पर उतरने वाला था तभी हादसे का शिकार हो गया और इस हादसे में उनकी 55 वर्ष की उम्र में मौत हो गई। हादसे की वजह का अभी पता नहीं चल सका है। विमान कंपनी ने कहा कि इस हादसे की जांच अंतरराष्ट्रीय आयोग और रुसी वायु सुरक्षा के अधिकारी करेंगे।

## दुश्मनों पर बाज जैसी नजर रखने वाला एमीसैट लॉन्च

### » इसरो ने फिर रचा इतिहास

श्रीहरिकोटा (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक इंटेलीजेंस सैटेलाइट एमीसैट को उसकी कक्षा में स्थापित कर दिया। एमीसैट के साथ-साथ दूसरे देशों के 28 उपग्रह (अमेरिका के 24, लिथुआनिया के दो और स्पेन तथा स्विट्जरलैंड के एक-एक उपग्रह) को लेकर लगभग 239 किलोग्राम वजनी पीएसएलवी रॉकेट ने सुबह 9.27 बजे उड़ान भरी।

इसरो के चेयरमैन के. सिवन ने इससे पहले कहा था, यह हमारे लिए विशेष मिशन है। हम चार स्ट्रैप-ऑन मोटरों वाला एक रॉकेट का उपयोग करेंगे। इसके बाद पहली बार



रॉकेट को तीन विभिन्न दूरियों की कक्षाओं में ले जाने का प्रयास करेंगे। इसरो उपग्रहों के वजन क अनुसार रॉकेट का चयन करता है।

उड़ान भरने के सिर्फ 16 मिनट बाद रॉकेट के चौथे चरण के इंजन के बंद होने से रोमांच और बढ़ गया। इसके 47 सेकेंड बाद 753 किलोमीटर की ऊंचाई पर रॉकेट से एमीसैट निकल गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सामरिक क्षेत्रों से उपग्रहों की मांग बढ़ गई है। लगभग छह या सात उपग्रहों के निर्माण की योजना है।

भारत जुलाई या अगस्त में किसी समय अपने नए स्मॉल सेटेलाइट लांच व्हीकल (एसएसएलवी) रॉकेट से दो या ज्यादा रक्षा उपग्रहों को भी लांच करेगा। ऐसा करने के बाद भारत कुल 297 विदेशी उपग्रहों को कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर लेगा।

## पीएसएलवी सी 45 के सफल प्रक्षेपण पर उपराष्ट्रपति ने वैज्ञानिकों को बधाई दी

नईदिल्ली (आरएनएस)। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने सोमवार को उपग्रह 'पीएसएलवी सी 45' के सफल प्रक्षेपण को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए देश के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को बधाई दी है।



नायडू ने अपने ट्वीट संदेश में कहा पीएसएलवी सी 45 के सफल प्रक्षेपण पर देश के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। इसके द्वारा ईएमआइसैट तथा अन्य देशों के 28 नैनो उपग्रहों को प्रक्षेपण के बाद अंतरिक्ष में यथोचित कक्षाओं में स्थापित किया जा सकेगा। सामरिक दृष्टि से ईएमआइसैट एक महत्वपूर्ण सफलता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में हाल की सफलताओं ने देश का आत्म विश्वास बढ़ाया है। नायडू ने कहा, देश को हमारे वैज्ञानिकों की सफलता पर गर्व है। भावी सफलताओं के लिए मेरी शुभकामनाएं।

## जैश का मोस्ट वांटेड आतंकी गिरफ्तार

### » दो लाख का था इनाम

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का एक वांछित आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। स्पेशल सेल के पुलिस आयुक्त संजीव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आतंकवादी



की पहचान फैय्याज अहमद के रूप में हुई है। वह जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले का रहने वाला है। उसे श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया है।

यादव ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर दो लाख रुपये का इनाम रखा था। उसकी तलाश 2015 से थी। एक मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने उसके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कर रखा था। उधर, पुलवामा में सुरक्षाबलों को सोमवार सुबह बड़ी कामयाबी हाथ लगी। पुलवामा जिले के लस्सीपोरा इलाके में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर समेत चार आतंकवादी मार गिराए है। मारे गए आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। इस दौरान सेना के तीन और विशेष अभियान दल का एक जवान घायल हो गया।

## दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप में स्थित पेरू में लगी भयानक आग, 20 लोगों की मौत

लीमा (आरएनएस)। दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप में स्थित पेरू की राजधानी लीमा में रविवार रात एक बस में आग लगने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गयी और करीब 12 लोग झुलस गये। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार यात्रियों से भरी बस लीमा से चिक्लेयो जा रही थी। इस दौरान बस के अंदर आग लगी गयी जिसमें 20 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और करीब 12 लोग झुलस गये। आग लगने के कारणों का फिलहाल पचा नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है।

## आगामी पांच साल तक देश को रफ्तार पकड़ाने का काम करुंगा

### » मैं भी चौकीदार कार्यक्रम में पीएम मोदी ने बताया

नई दिल्ली (आरएनएस)। पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में मैं भी चौकीदार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे लिए देश और सवा सौ करोड़ भारतीय सबसे पहले हैं। मुंबई के एक शख्स अजय दवे की ओर से बालाकोट स्ट्राइक को लेकर फैसला लेने के रिस्क पर पूछे गए सवाल के जवाब में पीएम मोदी ने कहा कि यदि मोदी अपने राजनीतिक भविष्य का सोचता तो फिर मोदी नहीं होता। यही नहीं अरुणाचल की एक छात्रा के जवाब में पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर सरकार बनने की स्थिति में अपने 5 साल की योजनाओं का ब्योरा दिया।



**करप्शन कसूंगा शिकंजा, दोगुनी होगी किसानों की आय**

पीएम मोदी ने कहा, 2014 से 2019 तक कुछ लोगों को जेल के दरवाजे तक ले गया हूं। आने वाले समय में देश के लोगों को लूटने वालों के प्रति और सख्ती बरतना। देश को 5 ट्रिलियन इकॉनमी बनाने की ओर ले जाना। देश की एजुकेशन को ग्लोबल बेंचमार्क पर ले जाना। मेरे 5 साल गड्ढे भरन में लग गए। अब अगले 5 साल तक देश का रफ्तार पकड़ाने का काम करूंगा।

**नफा-नुकसान सोचता तो मोदी फिर मोदी न होता**

पीएम मोदी ने कहा, बालाकोट मैंने नहीं बल्कि देश के जवानों ने किया है। हम सभी की तरफ से उनको सल्यूट। जहां तक निर्णय का सवाल है तो यदि मोदी अपने राजनीतिक भविष्य का सोचता तो फिर वह मोदी नहीं होता। अगर यही राजनीतिक पैंतरेबाजी से देश चलाना होता और नफा-नुकसान जोड़कर देश चलाना होता तो मोदी के पीएम बनने की कोई जरूरत नहीं थी। मेरे लिए देश सबसे ऊपर है।